## एक नजर में

### शासकीय छात्रावासों और आश्रमो के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे

**खंडवा ।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, जनजातीय एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावास और आश्रम एवं आवासीय परिसर में 1 जुलाई से एडमिशन प्रारंभ हो चुके हैं। कमिश्नर इंदौर संभाग दीपक सिंह ने बताया कि इंदौर संभाग में इन संस्थाओं में अनुसूचित जाति, जनजातीय एवं पिछडे वर्ग के विद्यार्थी बडी संख्या में निवासरत हैं, जिनके भोजन, पानी, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने बताया कि इन व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु यह आवश्यक है कि इन आवासीय संस्थाओं की नियमित रूप से आकस्मिक जांच होती रहे, ताकि छात्र छात्राओं को शासन की ओर मिलने वाली सुविधाएं निर्बाध रूप से मिलती रहें। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी संस्थाओं के निरीक्षण हेतु लगाई है। खंडवा में जिला मुख्यालय स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, जिला स्तरीय छात्रावासों के निरीक्षण के लिए संयुक्त संचालक शिक्षा इंदौर संभाग की ड्यूटी लगाई गई है। संभाग आयुक्त इंदौर श्री सिंह ने विकासखंड स्तरीय छात्रावासों और आवासीय परिसरों के निरीक्षण के लिए जो दल गठित किया है उसमें अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ के साथ-साथ एक महिला अधिकारी और एक शासकीय चिकित्सक को भी शामिल किया गया है। विकासखंड मुख्यालय से निचले स्तर पर छात्रावासों और शैक्षिक आवासीय परिसरों के निरीक्षण के लिए जनपद पंचायत के सीईओ तथा एसडीएम को निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए हैं।

### नेत्र संक्रमण से बचाव के लिए बरते सावधानियाँ

**खंडवा ।** जिले में ऑखों के संक्रमण के कंजक्टिवाईटिस के मरीज जिला अस्पताल की नेत्र ओपीडी में बड़ी संख्या में आ रहे हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि नेत्र रोग के संक्रमण के बचाव के लिए सावधानियाँ बरतें। उन्होंने बताया कि नेत्र रोग के संक्रमण से बचने के लिए अपनी ऑखों को छूने से पहले हाथों को अवश्य धोएं। संक्रमित व्यक्ति अपना टावेल, तकिया, आई ड्रॉप आदि उपयोग की गई वस्तुएं घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें। स्वीमिंग पूल तालाबों के प्रयोगों से बचें। कान्टेक्ट लेंस पहनना बंद करें और अपने नेत्र चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही फिर इसे शुरू करें। ऑखों के सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग न करें, साफ हाथों से अपनी ऑखों के आसपास किसी भी तरह के स्त्राव को दिन में कई बार साफ गीले कपड़े से धोएं। साथ ही उपयोग किये गये कपड़े को गर्मपानी से धो लें। यदि ऑखों में लालिमा हो तो अपने नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श लें। डॉक्टर के सलाह के बिना कोई भी आईड्राप का उपयोग न करें तथा संक्रमित व्यक्ति से दूर रहें।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर 31 वाहन चालकों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

**खंडवा।** जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 31 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 12100/-रुपए वसूल किए गए है।

### मलकापुर निवासी निर्मला वैध 72 वर्ष ने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों के बीच मनाया अपना जन्मदिन




**खण्डवा।** मलकापुर निवासी निर्मला वैध, (जैन) 72 वर्ष ने खंडवा प्रवास अपनी बेटी और जवाई के निवास पर आई थी। उन्होंने इच्छा जताई मेरे जन्मदिन पर कोई सेवा कार्य करना है, इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में पहुँचकर अपना जन्मदिन मनाया एवं सेवा भाव से श्री दादाजी वृद्धाश्रम, के वृद्धजनों को भोजन कराया। प्रेमांशु जैन ने बताया की निर्मला वैध द्वारा यह सेवा कार्य पूर्ण श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया, जिसमें वृद्धजनों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। एवं खण्डवा निवासी बेटे यशस्यु सोलंकी का जन्मदिन भी मनाया गया, इस अवसर पर भीमकुंड आश्रम से बाबा दुर्गानंद गिरि, वृद्धाश्रम की संचालिका अनिता सिंह चौहान, भारती नलवाड़े, अंकित जैन, मोक्षित जैन, संचित जैन उपस्थित रहे। वृद्ध आश्रम परिवार ने उनका आभार प्रकट किया और कहा कि समाज के ऐसे सेवा कार्य दूसरों को भी प्रेरित करनें का काम करते है।

### श्री तुलसी उत्सव समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को लेकर बैठक



**खंडवा।** श्री तुलसी पुण्यतिथि उत्सव समिति खंडवा की तुलसी उत्सव 2025 को लेकर माणिक्य स्मारक वाचनालय में बैठक आहूत की गई। जिसमें बहु प्रतीक्षित तुलसी उत्सव को मनाने के लिए नवनियुक्त अध्यक्ष अशीष चटकेले की अध्यक्षता एवं संरक्षक नारायण नागर व सुनील सकरगाये की सहमति से नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई। समाजसेवी व समिति के विशेष सहयोगी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा की श्री तुलसी उत्सव समिति का 100 वर्षों का अपना एक लंबा इतिहास रहा है जिसके माध्यम से धार्मिक सामाजिक आयोजनों के साथ परंपरा अनुसार विशाल कवि सम्मेलन एवं देश के प्रसिद्ध कवि को तुलसी माखन सम्मान से भी पुरस्कृत किया जाता रहा है। समिति की इस वर्ष की कार्यकारिणी में अध्यक्ष आशीष चटकेले, महामंत्री दिनेश पालीवाल, सचिव भावेश बिल्लोरे, उपाध्यक्ष जितेंद्र बरोले, भूपेंद्र सिंह चौहान, रितेश चौहान, सह सचिव मंगलेश शर्मा, मनोज मंडलोई, मंगलेश सिंह तोमर, श्याम सोनी, कोषाध्यक्ष संजय दुबे का मनोनयन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष आशीष चटकेले व सदस्यों की उपस्थिति में तुलसी उत्सव के आयोजित कार्यक्रमों को पूरी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मानने का प्रस्ताव लिया गया जिसके अंतर्गत 29 जुलाई से 31 जुलाई तक तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। तुलसी उत्सव का शुभारंभ 29 जुलाई मंगलवार को प्रात: 09 बजे सराफा स्थित तुलसी उद्यान में तुलसीदास की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण कर किया जायेगा। तीन दिवसीय उत्सव के दौरान होने वाली प्रतियोगितायें तीन वर्गों में प्राथमिक वर्ग स में पहली से पांचवी कक्षा, माध्यमिक वर्ग ब में छठवीं से आठवीं कक्षा एवं हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी वर्ग अ में कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के छात्र- छात्राएं प्रतिभागी होंगें। प्रतियोगिताओं में चित्रकला, निबंध, सामान्य ज्ञान, भजन, लघुकथा, तात्कालिक भाषण, भाषण, वाद-विवाद, नाटक/ एकांकी, फैंसी ड्रेस, रामचरित्र मानस के पद के धाराप्रवाह छंद पठन का आयोजन निर्धारित है। अंत मे इन सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 31 जुलाई को प्रात: 10 बजे परितोषित किया जायेगा। समस्त कार्यक्रम का स्थल माणिक्य स्मारक वाचनालय रहेगा। इस सभी विषयों पर चर्चा हेतू समिति के सदस्य सुनील जैन, नारायण बाहेती, अखिलेश गुप्ता, सत्येंद्र सोहनी, मनोज जोशी, विवेक माहेश्वरी, शशिकांत तिवारी, आलोक खेड़ेकर, वासुदेव पवांर, प्रदीप कानूनगों, मनीष मालाकार, अनिल बाहेती, विकास शुक्ला, शिरीष कानूनगों, प्रफुल्ल मंडलोई, डॉ राधेश्याम पटेल, जितेंद्र उपाध्याय, मनोज लाड़, डॉ प्रशांत डोंगरे, सर्वेश राठौर, मनीष अग्रवाल, मातृशक्ति में सीमा भावसार, चेतना शर्मा, भावना बिल्लोरे, सरिता महोदय, योगिता माहेश्वरी, पूजा जैन उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन एवं कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा आशीष चटकेले द्वारा प्रदान की गई। संचालन भावेश बिलोरै प्रस्तुत किया गया एवं आभार मंगलेश तोमर कुमार ने माना।

## नशा-मुक्ति जन-जागृति अभियान : मानव श्रृंखला बनाकर नशा न करने की दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मध्य प्रदेश में नशीले पदार्थो के बढ़ते उपयोग ने समाज के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है, जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। नशे की रोकथाम तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेषकर पुरुषों को इस समस्या से निपटने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशव्यापी जन-जागरुकता अभियान दिनांक 15.07.2025 से 30.07.2025 तक "नशे से दूरी है जरुरी" विशेष अभियान के रुप में चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को ड्रग्स के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज राय के कुशल निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजेश रघुवंशी व अति पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारनेकर के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा प्रदेश व्यापी नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों में जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शहर के बड़ाबम चौक पर नशे से दूरी है जरूरी का कार्यक्रम किया गया एवं कोचिंग संस्थान के बच्चों द्वारा बृहद मानव श्रंखला बनाई गई। नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम किया एवं नशे से होने वाले दुष्परिणामो के बारे में समझाया व जागरूक किया गया। सभी लोगों को शपथ दिलाई गई।

साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत पम्पलेट व बैनर के माध्यम से नशा मुक्ति से जुड़ी सहायता मानस हेल्प लाइन 1933, 14446, नेशनल सुसाइड हेल्प लाइन 14416, मध्यप्रदेश नारकोटिक्स विभाग 7049100785 की जानकारी भी साझा की गई व सूचना देकर समाज को नशे से बचाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा नशे की हर आदत से दूर रहने व व्यसन में पड़े लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई और अपने आसपास नशे से होने वाले सामाजिक नुकसान के प्रति सजग किया गया।





कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर महेंद्र तारणेकर, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव कुमार बारंगे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान, एसडीएम बजरंग बहादुर, तहसीलदार महेश सोलंकी, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, थाना प्रभारी मोघट रोड निरीक्षक धीरेश धारवाल, थाना प्रभारी पदमनगर निरीक्षक प्रवीण आर्य, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवेन्द्र सिंह परिहार, रक्षित निरीक्षक अरविन्द दाँगी, प्रभारी जिला विशेष शाखा खंडवा निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता, प्रभारी रेडियो निरीक्षक अमित सस्त्या, लायंस क्लब, लियो क्लब व इंपीरिकल कोचिंग इंस्टिट्यूट के संचालक सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया

नशा-मुक्ति जन-जागृति विशेष जागरूकता अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों मे बैनर, पेम्पलेट, जागरुकता रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं युवाओ को नशे के प्रति जागरूक किया गया। महिला थाना स्टाफ द्वारा ग्राम कोलाडिड थाना छेगांवमाखन अंतर्गत सृजन के बच्चों के साथ नशे से दूरी अभियान के तहत चर्चा की गई। साथ ही ग्रामीण लोगों को भी जानकारी दी गई। थाना पिपलोद स्टाफ द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलोद पंचायत भवन के पास लोगों को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी एवं शपथ दिलाई गई।

थाना मूंदी अंतर्गत ग्राम धारकवाडी मे मजदूर वर्ग व ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया व जागरूक किया गया एवं शपथ भी दिलाई गई। चौकी राम नगर अंतर्गत लक्की गार्डन में नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम मे लगभग 300 जन शामिल हुए, नशे से होने वाले दुष्प्ररिणामो के बारे में समझाया एवं जागरूक किया गया एवं सभी लोगो को शपथ दिलाई गई। थाना किल्लौद के ग्राम भंवरी लहडपुर बस स्टेशन पर नशा मुक्ति के संबंध में समझाइए देकर पंपलेट बांटे गए। मादक पदार्थ बेचने संबंधी जानकारी मिलने पर हेल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचना देने की जानकारी दी गई।

## श्रावण मास की दूसरी महासवारी आज धूमधाम से निकलेगी



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर ।** श्रावण मास की दूसरी महासवारी आज धूमधाम से निकलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराह्न 3.00 बजे ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर जी सजी हुई पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे 51 ढोलक के साथ ओंकारजी महाराज मंदिर से निकलेंगे शंकराचार्य चौक से होकर कोटितीर्थ घाट पर पहुंचेगी। विद्वान पंडितों द्वारा षोडशोपचार पूजा अभिषेक संपन्न कराया जाएगा। मंदिर में ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर जी का महश्रृंगार मावा भांग हार मुकुट से किया जाएगा तथा छप्पन भोग लगाए जाएंगे जो भक्तों में वितरण किए जाएंगे। दक्षिण तट पर श्री ममलेश्वर महादेव भी सजी हुई पालकी में सवार होकर गौमुख घाट पर पहुंचेगी विद्वान पंडितों द्वारा महा अभिषेक कराया जाएगा। दोनों पालकियों को पवित्र नर्मदाजी में नौका भ्रमण कराया जाएगा। गौमुख घाट से लवाजमे के साथ हजारों भक्त भोले शंभू भोले नाथ का उद्घोष करते हुए नाचते हुए चलेंगे। काशी विश्वनाथ बलवाड़ी पुराना बस, मुख्य मार्ग होकर जेपी चौक, पुराना पुल से मार्केट होकर रात्रि 10 वापस मंदिर पहुंचेगी।

## पुलिस ने दो आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा

नवभारत न्यूज

**खंडवा। थाना मूंदी पुलिस द्वारा रेणुका माता मंदिर व दान पेटी के ताले तोड़कर नगदी रूपए चोरी करने वाले दो आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा एवं घटना में प्रयुक्त मो.सा. व नगदी रूपए जप्त किए गए।**



### घटना का विवरण

दिनांक 09.07.2025 की रात्री के समय अज्ञात चोर द्वारा मूंदी कस्बे के प्राचीन एवं प्रसिद्ध रेणुका माता मंदिर के ताले तोड़कर दान पेटी में से दान में मिले रूपए चुराकर ले गए थे। फरियादी राजेश पिता मनोहरलाल पाराशर नि.मूंदी की रिपोर्ट पर थाना मूंदी द्वारा अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 311/25 धारा 331(4),305 बीएनएस की दर्ज की गई।

पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी मूंदी निरी. राजेन्द्र नरवरिया को प्रकरण का त्वरित रूप से आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गये रूपए जप्त करने हेतु निर्देश दिये गये थे निर्देश अनुसार थाना प्रभारी मूंदी निरी. राजेन्द्र नरवरिया के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक टीम गठित की गई।

प्रकरण में मूंदी के पूर्व अपराधिक प्रवृति के लगभग 20 लोगो से पूछताछ की गई मुखबिर की सूचना एवं संदेह के आधार पर आरोपीगण किशन पिता रूपसिंह उम्र 20 साल नि.मूंदी एवं लक्की पिता पूनमचंद उम्र 19 साल निवासी मूंदी से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया तथा बताया अपने एक अन्य साथी रविदास पिता दिनेश सावनेर निवासी मूंदी की मो.सा. से घटना दिनांक को तीनो आरोपीगण रात्री के समय रेणुका माता मंदिर पहुचे। आरोपीगण रविदास तथा किशन मंदिर के अंदर गए ओर साथी लक्की मो.सा. से बाहर इंतजार करता रहा, मंदिर के अंदर गए दोनो आरोपीगण दान पेटी मे एवं मंदिर का ताला तोडकर लगभग 30 हजार रूपये लेकर आए ओर मो.सा. से बैठकर वापस अपने घर आ गए। आरोपी रविदास द्वारा किशन ओर लक्की को 5-5 हजार रूपए दिये तथा शेष राशि स्वंय के पास रखली आरोपी किशन से नगदी 2 हजार तथा आरोपी लक्की से नगदी 3 हजार रूपए एवं घटना मे प्रयुक्त मो.सा. जप्त की गयी तथा अन्य 5 हजार रूपये खर्च करना बताया गया।

आरोपी रविदास वर्तमान में जिला जेल खण्डवा में निरूद्ध है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर शेष राशि जप्त की जावेगी। दोनो गिरफ्तार आरोपियो को खण्डवा न्यायालय पेश किया न्यायालय द्वारा दोनो आरोपियों को जेल भेजा गया।

### सराहनीय भूमिका

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया, उनि उमेश कुमार लाखरे, प्रआर. 660 अखिलेश यादव, आर. 502 नरेन्द्र यादव, आर. 272 आलेशसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## काचीगुड़ा हैदराबाद जोधपुर एक्सप्रेस की मिली सौगात



नवभारत न्यूज

**खंडवा। खंडवा संसदीय क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिए रविवार का दिन शुभ दिन रहा। जब प्रतिदिन चलने वाली काचीगुड़ा हैदराबाद भगत की कोठी जोधपुर नई ट्रेन सुबह खंडवा पहुंची। जहां जनप्रतिनिधियों के साथ पार्टी के कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी इस ट्रेन का स्वागत कर प्रधानमंत्री रेल मंत्री और सांसद श्री पाटिल को धन्यवाद दिया।**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन बताया कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के लगातार प्रयास के कारण केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नई ट्रेन की सौगात दी। 19 जुलाई को काचीगुड़ा से रवाना होकर रविवार सुबह 9.45 बजे खंडवा में इस ट्रेन का प्रथम आगमन हुआ। समाजसेवी व सांसद प्रवक्ता सुनील सुनील जैन रेल सलाहकार कर समिति सदस्य मनोज सोनी नेवी इस नई ट्रेन का स्वागत करते हुए बताया कि रविवार को प्रात: 10.00 बजे ट्रेन के आगमन के समय विधायक कंचन मुकेश तनवे, महापौर अमृता अमर यादव और शहर के गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर लोको पायलट गार्ड का पुष्प माला पहना कर शाल श्रीफल भेंट कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। और खंडवा खंडवा से जोधपुर के लिए इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह उद्घाटन स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से 45 मिनट पहले ही खंडवा स्टेशन पर पहुंच गई। इस मौके पर रेल विभाग ने भुसावल मंडल से एसीएम गुड्स अभय कुमार सिंह, एईएन हरि ओम मीणा, स्टेशन मैनेजर अरविंद साहा कमर्शियल इंस्पेक्टर एन के शर्मा, निलेश बाथो, सहित रेलवे स्टॉफ मौजूद रहा।

## अवैध शराब, गुंडे-बदमाशों के खिलाफ की जा रही है कार्रवाई

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 25 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 16 प्रकरणों मे 21 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 04 प्रकरण मे 04 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 25 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 08 जमानती वारंट, 18 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए। थाना पिपलोद के आरोपीया सेवंतीबाई पति गोविंद जाति भील उम्र 56 साल निवासी ग्राम बलवाडा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 600/-रूपए की जप्त की गई। आरोपी माणक पिता राजाराम बलाही उम्र 43 साल निवासी ग्राम कारपुर के कब्जे से 08 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 800/-रूपए की जप्त की गई। थाना मांधाता के आरोपी लक्ष्मण पिता गुलसिंह भील जाति भील उम्र 24 साल निवासी ग्राम डुकिया के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती करीबन 2500/-रुपए की जप्त की गई। थाना नर्मदा नगर के आरोपीया संगीता पति सुरेश मोर्य उम्र 35 साल जाति भिलाला निवासी टप्पर मोहल्ला पुनासा के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 1000/-रूपए की जप्त की गई। उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना धनगांव के आरोपी राजु पिता हुकुम गौस्वामी उम्र 52 साल निवासी सुलगांव को अवैध रूप से सट्टा लिखते पकडा एवं आरोपी के कब्जे से अंक लिखी पर्चा 3, नगदी 985 रू, एक लीड पेन जप्त किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 4क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**खेल भर्ती अभियान** — 433 होनहार खेल प्रतिभाओं की भर्ती की जानी है, 29 जुलाई 2025 तक देश भर के 14 चयन केंद्रों पर जारी रहेगा

## अब तक का सबसे बड़ा खेल भर्ती अभियान का आरंभ

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** भारत सरकार की खेलो भारत नीति के अनुरूप एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) देश में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और उनका समर्थन करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

वर्ष 2024-25 के दौरान, सीआईएसएफ के एथलीटों ने 159 पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया जो बल के इतिहास में अब तक सर्वाधिक पदक संख्या है। ये पदक अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और अखिल भारतीय पुलिस खेल आयोजनों में शानदार प्रदर्शन का परिणाम हैं। हाल ही में अमेरिका के बर्मिंघम में संपन्न हुए विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2025 में, सीआईएसएफ के एथलीटों ने रिकॉर्ड 66 पदक जीते हैं, जिससे राष्ट्रीय पदक तालिका में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। उनकी अभूतपूर्व उपलब्धि को मान्यता देने के लिए, महानिदेशक सीआईएसएफ ने सीआईएसएफ मुख्यालय, लोधी रोड, नई दिल्ली में उन्हें सम्मानित किया।



रिकॉर्ड प्रदर्शन में यह उछाल कई प्रमुख पहलों के कारण है, जिनमें खेल निधि में छह गुना वृद्धि (6 करोड़ रुपये तक), प्रति वर्ष 300 दिनों का विशेष आहार भत्ता (200 दिनों से अधिक), शिविरों और प्रतियोगिताओं के दौरान एथलीटों के लिए यात्रा और महंगाई भत्ते (टीए/डीए) में वृद्धि, नए जिम और अत्याधुनिक सुविधाओं की स्थापना, वार्षिक टूर्नामेंट कैलेंडर जारी करना, चोट प्रबंधन के लिए सुविधाएं, आदि शामिल हैं। पहली बार मुख्यालय में खेल गतिविधियों की दैनिक निगरानी के लिए सहायक महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी को तैनात किया गया है। पहली बार एक पूर्ण पर्वतारोहण दल का भी गठन किया जा रहा है, जो वर्ष 2026 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई अभियान शुरू करेगा।

### होनहार खेल प्रतिभाओं की भर्ती

बल ने अपना अब तक का सबसे बड़ा खेल भर्ती अभियान भी शुरू किया है, जिसके माध्यम से 433 होनहार खेल प्रतिभाओं की भर्ती की जानी है, जिनमें 229 महिलाएं शामिल होंगी। यह चयन प्रक्रिया 7 जुलाई 2025 को शुरू हुआ है और 29 जुलाई 2025 तक देश भर के 14 चयन केंद्रों पर जारी रहेगा।

इसके माध्यम से लॉन टेनिस, बैडमिंटन, कराटे, साइकिलिंग, तीरंदाजी, तलवारबाजी, कयाकिंग, रोइंग, वुशु, पेनकैक सिलाट जैसे खेलों में 13 नई टीमें बनाई जाएंगी। इस पहल को 12,868 आवेदकों की भारी प्रतिक्रिया मिली है। इनमें 350 अंतर्राष्ट्रीय और 3968 राष्ट्रीय पदक विजेता शामिल हैं। इस अभियान ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के सभी कोनों से प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए प्रयासरत हैं।

ओलंपिक पोडियम को ध्यान में रखते हुए, युवा, प्रतिभाशाली और होनहार खिलाड़ियों को %उच्च प्रदर्शन एथलीट% के रूप में पहचाना जाएगा जो पोडियम स्तर पर पहुँच सकें। इन एथलीटों को विदेशों में प्रशिक्षण शिविरों के लिए प्रायोजित किया जायेगा।

इसके अलावा, विशेषज्ञ प्रशिक्षकों, फिजियोथेरेपिस्ट, आहार विशेषज्ञों और शक्ति एवं कंडीशनिंग प्रशिक्षकों सहित सहायक कर्मचारियों का एक समर्पित समूह उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उपलब्ध रहेगा। इन प्रयासों के माध्यम से, संगठन देश के सभी बलों और राज्यों में अग्रणी बनने और खेल उत्कृष्टता का अग्रदूत बनने का लक्ष्य रखता है।